# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक : 04.06.2025

## प्रेस–नोट

आयोग द्वारा सहायक निदेशक (Assistant Director), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भर्ती, 2024 के पदों हेतु विज्ञापन संख्या 01/Exam/A.D./Sci. & Tech./Ep-I/2024–25 दिनांक 14.06.2024 को जारी कर दिनांक 19.06.2024 से 18.07.2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त पदों हेतु वांछित अनिवार्य योग्यता निम्नानुसार हैः–

"(i) Ist Class Master's Degree in Natural or Agricultural Sciences. OR Ist Class Master's Degree in Engineering or Technology. OR Ist Class M.Sc/M.Tech (with graduate degree in Science/engineering) in Remote Sensing & G.I.S from a recognized university or equivalent and

(ii) Two Years specialized experience in research & development/industrial/academic institution/science & technology organization."

उक्त पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की रेण्डम/सेम्पल जाँच की गयी। उक्त जाँच में पाया गया कि कतिपय आवेदकों के पास अनिवार्य योग्यता एवं अनुभव नहीं होने के उपरांत भी आवेदन किया गया। ऐसा किये जाने पर अभ्यर्थी को आयोग द्वारा भविष्य में ली जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित (Debar) कर दिया जाएगा एवं उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 217 के तहत कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

अतः ऐसे अभ्यर्थी जो उक्त शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव नहीं रखते हैं और उन्होंने उक्त पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन कर दिया है, उनको आगाह किया जाता है कि वे अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 09.06.2025 तक प्रत्याहारित (Withdraw) कर लेवें। इस हेतु ऑनलाईन Withdraw करने के लिए दिनांक 05.06.2025 से 09.06.2025 तक Link सक्रिय रहेगा।

संलग्नः सेम्पल सूची।

(भंवर सिंह पंवार)
वरिष्ठ उप सचिव